# Greenlawns School - Worli

Terminal Examination - 2016

कक्षा :- आठवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 10.10.2016 | समय :- 2½ घण्टे

---

सूचना :-
1. इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं ।
2. भाग " अ " के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं ।
3. भाग " ब " के उत्तर वहाँ दी गई सूचना के अनुसार लिखिए ।

---

विभाग - अ (अंक - ४०)

भाषा - विभाग

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :- (15)

i. जीवन में खेलों का महत्त्व बताते हुए लिखिए कि ओलंपिक खेलों की प्रक्रिया क्या है तथा इसके अंतर्गत कौन - कौन से खेलों को शामिल किया जाता है ।


ii. " वृक्ष लगाओ देश बचाओ " इस वाक्य के आधार पर पर्यावरण की सुरक्षा में वृक्षारोपण का महत्त्व बताइए ।

iii. " भारत की संस्कृति , विश्व की महान संस्कृति है । " इसके पक्ष पर अपने विचार लिखिए ।

iv. " आम के आम गुठलियों के दाम " इस लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

v. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उसके आधार पर कोई घटना , कहानी या लेख लिखिए , पर ध्यान रहे विषय का सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए ।

---



प्रश्न 2) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :- (7)

i. शैक्षिक भ्रमण पर जाने की आज्ञा माँगते हुए पिता को पत्र लिखिए ।

अथवा

ii. प्रधानाचार्याजी को हिन्दी दिवस पर कविता - प्रतियोगिता का आयोजन करने हेतु पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :- (10)

यूनान में एक बड़ा शक्तिशाली और धन-वैभव सम्पन्न बादशाह राज्य करता था । उसे अपनी अतुलित सम्पदा तथा अखण्ड शासन पर बहुत अहंकार था और वह अपने को संसार का सबसे सुखी इन्सान मानता था । उसके राज्य में "सोलन" नामक एक अद्वितीय विद्वान भी रहता था । एक दिन वह बादशाह का वैभव देखने के लिए राजधानी आया । राजा को आशा थी कि उसके ऐश्वर्य को देखकर सोलन की आँखें फटी की फटी रह जायेंगी । वह अवश्य ही इसका चमत्कारपूर्ण वर्णन अपनी पुस्तकों में करेगा ।

उसने बड़े प्रेम से सोलन को अपना महल घुमाया। राजा, सोलन की आँखों में आश्चर्य के भाव देखना चाहता था, लेकिन सोलन पर उसकी बाह्य चकाचौंध का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वह पूर्ववत् ही गम्भीर एवं शान्त बना रहा। सोलन को कुछ न बोलते देख राजा ने पूछा कि आपकी दृष्टि में इस संसार में सबसे सुखी मनुष्य कौन है? सोलन ने कहा कि अमुक गाँव का अमुक किसान जैसा सुखी मैंने किसी को नहीं पाया। इस उत्तर से निराश राजा ने उस किसान के सुख का कारण पूछा। सोलन ने कहा कि वह अपने परिवार के गुजारे लायक अन्न खेतों में उत्पन्न कर लेता था। वह न तो दूसरों की कमाई खाता था और न ही उसे किसी से द्वेष था। उसकी सन्तान उसी की तरह नेक व मेहनती निकली। वह मरते समय शान्त था, क्योंकि एक तो वह अपने कर्त्तव्यों को पूरा करके मरा था और दूसरे उसके मरते ही उसके लड़कों ने घर का सारा बोझ सँभाल लिया था। मरने के बाद भी उसकी आत्मा सुखी व्यक्ति ही रहेगी। अत: मैंने तो ऐसा सुखी व्यक्ति अन्यत्र नहीं देखा।

अहंकारी राजा ने सोलन से कहा कि आप कैसे पण्डित हैं जो राजा तथा रंक में कोई भेद तक नहीं कर पाते हैं। संसार के सुख के मुख्य आधार प्रभुता तथा धन दोनों ही मेरे पास हैं। फिर भी आप मुझे दुनिया का सबसे अधिक सुखी व्यक्ति नहीं मानते। सोलन ने कहा, "सुख चित्त में पैदा होता है, वहीं फलता फूलता है और नष्ट हो जाता है। यह बाजार में नहीं मिलता। धन - ऐश्वर्य की अधिकता से मनुष्य सुखी और शांत नहीं हो सकता। धन - तृष्णा का परिणाम एक ही होता है।

बादशाह ने क्रोध में आकर सोलन को निकाल तो दिया लेकिन उसे सोलन की बात लग गई। उसने अपने हृदय को टटोला और पाया कि वाकई वहाँ शान्ति नहीं थी। सोलन की कसौटी पर अपने जीवन को कसने पर बादशाह को भीतर दुःख एवं अशान्ति की कालिमा दिखाई दी।

प्रश्न :-

i. यूनान में कौन राज्य करता था तथा उसे किस बात का अहंकार था? (2)

ii. सोलन कौन था और उसका राजधानी आने का क्या कारण था? (2)

iii. बादशाह को सोलन से क्या आशा थी ? उसके लिए उसने क्या किया ? क्या सोलन पर उसका कोई प्रभाव पड़ा ? (2)

iv. सोलन ने किसान के सुखी होने का क्या कारण बताया ? (2)

v. सोलन के आगमन का बादशाह पर क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- (8)

i. निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए :- (1)

1. बूढ़ा 2. हरा

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. आरोह 2. कृपण

iii. निम्न शब्दों में किसी एक शब्द के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (1)

1. उचित 2. कमल

iv. निम्न शब्दों के सिर्फ तद्भव शब्द लिखिए :- (1)

1. उज्ज्वल 2. जिह्वा

v. निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :- (1)

1. कमर टूटना 2. आँखें बिछाना

vi. निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन करके उन्हें दोबारा लिखिए :- (3)

1. महाभारत सीरियल कई महीना तक चला ।
( वाक्य शुद्ध कीजिए । )

2. सुभाष ने फौज़ का गठन किया था ।
( भविष्यत् काल में लिखिए )

3. राहुल ने अनेक कचौड़ियाँ खाई ।
( एकवचन में बदलिए । )

विभाग - ब ( अंक - ४० )

साहित्य - विभाग ( गद्य - विभाग )

सूचना :- नीचे लिखें अवतरणों को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रश्न ५ , ६ अनिवार्य है । शेष प्रश्नों ( प्रश्न ७ , ८ , ९ ) में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । इस पुस्तक के कुल चार प्रश्न करने हैं । बाल महाभारत के प्रश्न अनिवार्य है ।

प्रश्न 5) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए :- (2)

i. ईजाद ii. देवदूत

iii. झिल्ली झिल्ली iv. तलहटी

प्रश्न 6) नीचे लिखी कविता की पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन
आओ रे सब मुझे घेरकर गाओ सावन ,
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन
फिर - फिर आए जीवन में सावन मन भावन ।

प्रश्न :-

i. प्रस्तुत पंक्तियों का संदर्भ लिखिए । (2)

ii. सावन में प्रकृति की सुंदरता का वर्णन कीजिए । (2)

iii. उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए । (3)

iv. कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए । (3)

प्रश्न 7) " इस रद्दी लोटे के आप पचास रूपए क्यों दे रहे हैं ? " (10)

प्रश्न :-

i. प्रस्तुत कथन किसने , किससे , कब और क्यों कहा ? (2)

ii. किसे वह लोटा पसंद न था और क्यों ? समझाइए । (2)

iii. लोटे की ऐतिहासिक कहानी लिखिए । (3)

iv. श्रोता का चरित्र चित्रण कीजिए । (3)

प्रश्न 8) वह बोला, " अभी हमें प्रतीक्षा करनी होगी। मेरे पास यात्रा के लिए पैसे नहीं हैं।" (10)

प्रश्न :-

i. प्रस्तुत कथन किसने, किससे, कब और क्यों कहा? (2)

ii. यात्रा से पूर्व दोनों मित्रों ने क्या - क्या तैयारियाँ की? (2)

iii. यात्रा के दौरान किसने, किसकी मदद की और कैसे समझाइए। (3)

iv. कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए। (3)

प्रश्न 9) " शाबाश नवीन! तुमने अपनी जान पर खेलकर सुनील को बचाया है। इतना बड़ा जोखिम कम ही लोग उठा पाते हैं।" (10)

प्रश्न :-

i. प्रस्तुत कथन किसने, किससे, कब और क्यों कहा? (2)

ii. निरर्थक जोखिम कौन उठाता था और कैसे? (2)

iii. पिकनिक पर जाते समय किसे और कैसे चोट लगी? (3)

iv. नवीन ने सुनील को किस तरह से बचाया? इस घटना का वर्णन कीजिए। (3)

बाल महाभारत

प्रश्न 10) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (8)

i. ऋषि परशुराम ने कर्ण को क्या श्राप दिया और क्यों? (2)

ii. द्रोणाचार्य ने एकलव्य से गुरु - दक्षिणा में क्या माँगा और क्यों? (2)

iii. बकासुर के बारे में लिखिए। (2)

iv. द्रोपदी को वधू के रूप में पाने के लिए प्रतियोगियों को किन - किन शर्तों को पूरा करना था? (2)

---------------- स मा प्त ----------------